भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1942

जिसका उत्तर 11.12.2025 को दिया जाना है

रिक्तियों की स्थिति

1942. श्रीमती जून मालिया:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में स्वीकृत पदों, कार्यरत कर्मचारियों की संख्या कितनी है तथा विभिन्न श्रेणियों में आरक्षित पदों सहित रिक्तियों की संख्या कितनी है;

(ख) वर्ष 2014 से मंत्रालय तथा इसके विभागों में वर्ष-वार और श्रेणी-वार कितनी रिक्तियां हैं; और

(ग) 2014 से लेकर आज तक संविदा पर रखे गए कर्मचारियों की वर्ष-वार और श्रेणी-वार संख्या कितनी है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में वर्तमान स्वीकृत संख्या, कार्यरत कर्मचारियों की संख्या और रिक्तियों को दर्शाने वाली तालिका निम्नलिखित है:-

समूह	स्वीकृत संख्या	पद पर कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	रिक्ति
क	513	396	56	25	97	117
ख	305	222	25	7	62	83
ग	303	177	38	8	49	126
कुल	1,121	795	119	40	208	326

रिक्तियों का होना और इसे भरना एक सतत प्रक्रिया है। जब भी रिक्तियाँ उत्पन्न होती हैं, उन्हें निर्धारित दिशानिर्देशों/आरक्षण मानदंडों के अनुसार भरा जाता है। रिक्तियों की सूचना संबंधित संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरणों और कर्मचारी चयन आयोग/संघ लोक सेवा आयोग (एसएससी/यूपीएससी) जैसी भर्ती एजेंसियों को भरने के लिए दी जाती है।

(ग) कार्य की अनिवार्यता, कार्य संचालन की मितव्ययिता और अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण, संविदात्मक नियुक्तियाँ अस्थायी व्यवस्था के रूप में की जाती हैं। वर्तमान में, परियोजनाओं, परामर्श, तकनीकी/सचिवीय सहायता, हाउसकीपिंग और सफाई आदि कार्यों के लिए संविदा/आउटसोर्स के आधार पर 770 व्यक्ति कार्यरत हैं।

*****